ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 19.01.20201

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 19.01.2021 को नगर निगम द्वारा ककरा कलां एम0आर0एफ0 सेन्टर का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 19.01.2021 को चिनौर स्थित अवंतीबाई लोधी पार्क का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 19.01.2021 को नगर निगम द्वारा एम0आर0एफ0 सेन्टर निरीक्षण किया गया। जिसके अन्तर्गत ककरा कलां में निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाल में अलग–अलग ब्लाक्स बनाने के साथ ही एक कमरा धोने एवं एक कमरा सूखाने के कार्य हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कनवेयर वेल्ट की मरम्मत यथाशीध्र कराने एवं फान्उडेशन बनाने के लिये मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्माणाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) एवं महाप्रबन्धक (जल) को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय–मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान,महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 19.01.2021 को चिनौर स्थित अवंतीबाई लोधी पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गेट को ऊॅचा करने एवं नगर निगम लिखवाने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त बाउन्ड्रीवाल की लाइटो को दुरूस्त करने के लिये सहायक अभियन्ता (प्रकाश) को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण किये जाने हेतु वर्तमान संसाधन को बढ़ाते हुये तेजी से काम किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय–मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान,महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर